# हिमाचल अभी अभी

Himachal ABHI ABHI

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

नई सोच नई खोज

प्रधान संपादक : डॉ. राजेश शर्मा

साप्ताहिक



प्रेरक : स्व. पंडित बालकृष्ण शर्मा

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 12 अंक 24 कांगड़ा। शनिवार, 15 अगस्त-21 अगस्त, 2026 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 31 श्रावण, विक्रमी संवत् 2083 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26


# सीएम सुक्खू का बड़ा ऐलान, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 281 करोड़ का एरियर



■ राहुल कुमार

❖ जल शक्ति विभाग में विभिन्न श्रेणियों के भरें जाएंगे 4 हजार पद

❖ इंदिरा गांधी मातृ शिशु संकल्प योजना पायलट आधार पर शुरू होगी

सीएम सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में कई बड़े फैसले लेते हुए वेतन एवं पेंशन एरियर भुगतान के साथ नई भर्तियों और मानदेय वृद्धि की घोषणा की है। इन फैसलों से राज्य के विभिन्न वर्गों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा

सीएम सुक्खू की घोषणा के अनुसार, प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी (क्लास-4) कर्मचारियों को उनके वेतन एरियर की मद में 20 हजार की अतिरिक्त राशि का भुगतान इसी माह कर दिया जाएगा। वहीं, वर्ष 2016 से दिसंबर 2021 के मध्य सेवानिवृत्त हुए तृतीय श्रेणी (क्लास-3) पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स को पेंशन एरियर का 35 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान इसी महीने मिलेगा। इसके अलावा, प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी (क्लास-1 व 2) के पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स को 15 प्रतिशत एरियर का भुगतान किया जाएगा। वेतन व पेंशन एरियर के इस भुगतान पर सरकारी कोष से लगभग 281 करोड़ रुपये व्यय होंगे।

सीएम ने कहा कि रोजगार सृजन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जल शक्ति विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 4,000 रिक्त पद भरने का निर्णय लिया गया है। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से यह फैसला किया गया है कि 31 मार्च 2027 तक किसी भी चिकित्सक (डॉक्टर) को सेवानिवृत्त नहीं किया जाएगा। वन विभाग में कार्यरत वन मित्रों को राहत देते हुए उनके मासिक मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें 10 हजार रुपये के स्थान पर 12 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में सात वर्ष पूरे कर चुके कर्मचारियों को 1 अप्रैल 2026 से संशोधित वेतनमान देने और आउटसोर्स स्टाफ नर्स, पैरा मेडिकल कर्मियों (लैब तकनीशियन) फार्मासिस्ट, ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन) को संशोधित वेतन 25 हजार और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को 18 हजार संशोधित वेतन सितंबर 2026 से लागू होगा। सीएम ने कहा कि सरकार नई स्वास्थ्य बीमा नीति लागू करेगी। गरीब परिवारों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा। उन्होंने सभी पंचायतों में मल्टी टास्क वर्करों के 400, शिक्षा विभाग में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट लाइब्रेरी के 200 व जिप पंचायतों में जॉब ट्रेनी तकनीकी सहायक के 280 पद भरने का भी एलान किया। साथ ही 1975 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में चौकीदार व मल्टी टास्क वर्करों के चार हजार पद भरने की बात कही। मल्टी टास्क वर्करों व आउटसोर्स कर्मियों के लिए एक नीति लाने पर विचार किया जा रहा है। हमीरपुर में हिमाचल का पहला समर्पित साइंस कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 100 करोड़ बताई गई है।

सीएम सुक्खू ने कहा कि माताओं, बहनों व बच्चों को पोष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के लिए इंदिरा गांधी मातृ शिशु संकल्प योजना पायलट आधार पर 21 ब्लॉकों में 2 अक्तूबर से इसे शुरू किया जाएगा। छह माह के बाद समीक्षा कर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं व उपकरणों पर करीब तीन हजार करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। सीएम ने नौ हजार आशा वर्करों के मानदेय को 6800 हजार रुपये का एलान किया। अगले साल जहां संभव होगा, वहां सरकार 100 सीबीएसई संबद्ध स्कूल खोलेगी।